**प्रेस नोट　　　　पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद　　　　दिनांक 19.05.2023**

**थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा क्रिकेट मैच व अन्य खेलो पर सट्टा लगाने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से सट्टा में प्रयोग 01 मोबाइल फोन व 5,60,000/- रुपये नगद बरामद।**

दिनांक 18.05.2023 को थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बहुत बड़े पैमाने पर क्रिकेट मैच व अन्य खेलो पर सट्टा लगाने वाला व्यक्ति अमित कुमार पुत्र प्रेमचन्द गर्ग निवासी ग्राम कलछीना थाना भोजपुर गाजियाबाद हाल निवासी तिवडा रोड थाना मोदीनगर गाजियाबाद को रावली रोड किसान धर्म कांटे के पीछे बिट्टू गिरी के बन्द पडे मकान से गिरफ्तार किया गया, कब्जे से सट्टा लगाने में प्रयोग 01 मोबाइल फोन व 5,60,000/- रुपये नगद बरामद। अभियुक्त अमित कुमार उपरोक्त के अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मैं क्रिकेट व अन्य खेलों पर सट्टा लगाता हूँ तथा अन्य लोगों को सट्टे के कार्य में जोडता हूं। हमारे सटटे के खेल/ कारोबार मे गाजियाबाद, मुरादनगर व मोदीनगर के लोग जुडे है। हम लोग हार-जीत की बाजी लगाकर सट्टे का खेल खेलते है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पताः–**

अमित कुमार पुत्र प्रेमचन्द गर्ग निवासी ग्राम कलछीना थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद हाल निवासी तिवडा रोड थाना मोदीनगर जनपद गाजियबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त–**

अभियुक्त अमित कुमार उपरोक्त के विरुद्ध जनपद गाजियाबाद में पूर्व में सट्टेबाजी का एक अभियोग पंजीकृत है।

**बरामदगी–**

- सट्टा में प्रयोग 01 मोबाइल फोन,
- 5,60,000/- रुपये

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना मुरादनगर पुलिस टीम।

**थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 650 ग्राम गांजा बरामद।**

दिनांक 19.05.2023 को थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान कूडे के पास बंगाली कॉलोनी रोड पर से एक अभियुक्त इरफान पुत्र मुमताज निवासी नूर मौहम्मद का मकान गली नं0 4 बंगाली कॉलोनी थाना शालीमार गार्डन जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से 01 किलो 650 ग्राम गांजा बरामद । अभियुक्त इरफान उपरोक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पताः-**

इरफान पुत्र मुमताज नि0 नूर मौहम्मद का मकान गली न0 04 बंगाली कालोनी थाना शालीमार गार्डन जनपद गाजियाबाद उम्र 19 वर्ष।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

अभियुक्त इरफान उपरोक्त के विरुद्ध जनपद गाजियाबाद में पूर्व में एनडीपीएस का एक अभियोग पंजीकृत है।

**बरामदगी का विवरणः-**

1 किलो 650 ग्राम गांजा।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम